आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 28.05.2026 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सीबीएसई कक्षा 12 की परीक्षा मूल्यांकन प्रक्रिया में विसंगतियों से संबंधित छात्रों की सभी शिकायतों के समाधान का आश्वासन दिया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में 'सौर जागरूकता स्मारिका पुस्तिका' का विमोचन किया, कहा– सौर ऊर्जा भविष्य की आवश्यकता है।
- महिला सशक्तिकरण और बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने मासिक धर्म को लेकर समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया।
- **और,** मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान गढ़वाल मंडल के अधिकांश जिलों में अतिवृष्टि का पूर्वानुमान जारी किया है।

...............

**'सौर जागरूकता स्मारिका पुस्तिका'**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में 'सौर जागरूकता स्मारिका पुस्तिका' का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पहल केवल एक पुस्तिका का विमोचन नहीं, बल्कि उत्तराखण्ड के उज्ज्वल, आत्मनिर्भर और हरित भविष्य के निर्माण की दिशा में सामूहिक संकल्प का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में सौर ऊर्जा केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आवश्यकता बन चुकी है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत राज्य ने 40 हजार रूफटॉप सोलर संयंत्रों का लक्ष्य समय से पहले पूरा कर लिया है और निर्धारित लक्ष्य का लगभग 95 प्रतिशत कार्य भी पूरा कर लिया गया है।

**राष्ट्रपति पुलिस ध्वज**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सिक्किम पुलिस को आज प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुलिस ध्वज से सम्मानित किया। इस पुरस्कार को प्राप्त करने वाला सिक्किम देश का 15वां राज्य और पूर्वोत्तर का तीसरा राज्य बन गया है। राष्ट्रपति पुलिस ध्वज राष्ट्र की असाधारण सेवा, अटूट अनुशासन और समर्पण के लिए देश के पुलिस बल को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने पुलिस बल को अधिक नागरिक केंद्रित बनने का आग्रह किया। उन्होंने पुलिस बल से विशेष रूप से महिलाओं, निर्धनों और बच्चों के प्रति संवेदनशील रहने का आग्रह किया।

सी.बी.एस.ई

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सी.बी.एस.ई द्वारा शुरू की गई नई ऑन–स्क्रीन मार्किंग– ओएसएम प्रणाली अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक "प्रगतिशील साधन" है। श्री प्रधान ने नई दिल्ली में सीबीएसई अधिकारियों के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि चल रही पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान सभी शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एन.टी.ए, ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा की संशोधित तिथियां और प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। एनटीए के अनुसार परीक्षाएं अब 31 मई और 6 व 7 जून को आयोजित की जाएंगी। एनटीए ने बताया कि रविवार को परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं और इन्हें एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट cuet.nta.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

6 और 7 जून को परीक्षा देने वाले शेष उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र जल्द ही जारी किए जाएंगे।

## विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस

महिला सशक्तिकरण और बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा है कि मासिक धर्म को लेकर समाज में कई भ्रांतियां व्याप्त हैं, जिन्हें दूर करना आवश्यक है। वे आज विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर देहरादून में आयोजित किशोरियों और महिलाओं के जागरूकता तथा प्रशिक्षण शिविर को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि यह एक प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया है और इसे लेकर समाज की सोच में सकारात्मक बदलाव लाना जरूरी है। श्रीमती आर्या ने किशोरियों के लिए संतुलित और पौष्टिक आहार तथा मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

इस अवसर पर उन्होंने किशोरियों और बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता किट भी वितरित की।

गौरतलब है कि देशभर के हजारों जनऔषधि केंद्रों पर मात्र एक रुपये में सेनेटरी पैड उपलब्ध कराए जाते हैं।

## राज्यपाल असम दौरा

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने आज असम भ्रमण के दौरान गुवाहाटी स्थित लोक भवन में असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मुलाकात की।

इस दौरान दोनों राज्यपालों के बीच समसामयिक विषयों, सुशासन, सांस्कृतिक समृद्धि और राष्ट्रहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श हुआ।

भ्रमण के दौरान राज्यपाल गुरमीत सिंह ने लोक भवन असम की भव्यता, आधुनिक संरचना तथा स्थानीय सांस्कृतिक विरासत को समाहित करती इसकी वास्तुकला की सराहना की। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत की विविधता, विकास और सांस्कृतिक विरासत सदैव प्रेरणादायी रही है।

**भाजपा अध्यक्ष**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन आज तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर देहरादून पहुंचे। जॉलीग्रांट हवाई अड्डे पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

वे राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों और संगठन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ विचार–विमर्श तथा मंथन करेंगे।

श्री नबीन मंत्रियों के साथ अलग से बैठक भी करेंगे, जिसमें सरकार के कामकाज, जनसंपर्क और आगामी रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

उधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का दो दिवसीय उत्तराखंड दौरा तय हो गया है। वे चार जून को अल्मोड़ा में एक जनसभा और पौड़ी में पूर्व सैनिक सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके बाद पांच जून को वे देहरादून में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्यों, विधायकों, पूर्व विधायकों और कांग्रेस के आनुषंगिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने राहुल गांधी के दौरे की जानकारी दी।

**ब्रिक्स अकादमिक मध्यावधि सम्मेलन**

राजधानी देहरादून में कल ब्रिक्स अकादमिक मध्यावधि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की थीम "लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास के निर्माण" पर केंद्रित रहेगा।

सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह का विशेष वीडियो संदेश भी प्रसारित किया जाएगा। सम्मेलन में ब्रिक्स देशों के प्रमुख विद्वान, नीति विशेषज्ञ और विचारक शामिल होंगे। इसमें हरित औद्योगिक परिवर्तन, स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों के माध्यम से जैव विविधता संरक्षण और जलवायु वित्त जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

**मौसम**

मौसम विभाग ने आगामी 3 जून तक राज्य के विभिन्न जिलों में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग के अनुसार अगले दो दिन राज्य के अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश और तीन हजार आठ सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी का अनुमान है। साथ ही अगले 24 घंटों के दौरान उत्तरकाशी,

रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, टिहरी, देहरादून और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं—कहीं आकाशीय बिजली चमकने, झोंकेदार हवाएं चलने, और अतिवृष्टि की संभावना बनी हुई है।

वहीं, मौसम विभाग ने 30 मई से एक जून तक खराब मौसम का येलो अलर्ट जारी किया है। इस अवधि में चारधाम श्रद्धालुओं और प्रदेशवासियों से अनावश्यक यात्रा से बचने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

एनआईटी श्रीनगर

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पौड़ी गढ़वाल के श्रीनगर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान— एनआईटी के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

देहरादून में तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार ने संस्थान को बिजली, पानी और सड़क सहित सभी आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करा दी हैं।

बैठक में मंत्री ने विभाग के अधिकारियों और कार्मिकों के वार्षिक स्थानांतरण समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर विभाग के अंतर्गत अन्य विभागों में प्रतिनियुक्ति और संबद्धता पर कार्यरत सभी कार्मिकों को मूल पदों पर वापस भेजने के भी निर्देश दिए।